Staiement

S.No.	Passport Office	Pendency brought forward from 1997	Pending over a month as on 15.5.1998	Total Pendency as on J5.5.1998
1	AHMEDABAD	19559	7368	22537
2	BANGALORE	20399	8878	17378
3	BAREILLY	14108	12172	16983
4	BHOPAL	3679	1668	4321
5	BHUBANESHWAR	4022	3272	4285
6	CALCUTTA	7304	1978	7709
7	CHANDIGARH	13362	9515	19293
8	CHENNAI	22109	17598	28673
9	COCHIN	8941	1472	10617
10	DELHI	33753	26483	32954
11	GHAZIABAD	—	3123	4322
12	GOA	2200	2282	2964
13	GUWAHATI	2511	1639	2747
14	HYDERABAD	31383	4777	21037
15	JAIPUR	14647	11013	16579
16	JALANDHAR	18456	16914	26883
17	KOZHIKODE	kttMl	12293	23226
18	LUCKNOW	35316	16852	26673
19	MUMBAI	17044	6309	25613
20	NAGPUR	1087	262	1158
21	PATNA	6145	2954	7435
22	TRICHY	36378	19685	25626
23	TRIVANDRUM	11618	3300	10448
24	JAMMU	8475	7935	8474
25	SRINAGAR	—	44840	44958
26	THANE	1340	224	1506
27	VISAKHAPATNAM	—	899	4690

Passport Oftices at Ghaziabad, Srinagai and Visakhapatnam were opened in 1998 and there is no carried over pendency from 1997.

रूस में तस्करों के लिए काम कर रहे भारतीय छात्र

949.**श्री गोपाल सिंह जी.सोलंकी**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि रूस में अध्ययनरत भारतीय छात्र तस्करों के लिए कूरियन का कार्य कर रहे हैं;

(ख) यदि हां,तो क्या सरकार ने उन परिस्थितियों का कोई विश्लेषण किया है जो रूस में भारतीय छात्रों को तस्करी की गतिविधियों में लिप्त होने के लिए बाध्य कर रहे हैं;

(ग) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;और

(घ) सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मती वसुन्धरा राजे): (क) से (घ) सरकार को यह पता है कि रूस में अध्ययनरत कुछ भारतीय छात्र विगत में अवैध गतिविधियों में लगे थे । चूंकि ऐसी अवैध गतिविधियों की अनदेखी नहीं की जा सकती है । छात्रवृत्तियों को कम करने या समाप्त कर दिए जाने,फीस में बढ़ोत्तरी तथा रूस में निर्वाह व्यय में वृद्वि के परिणामस्वरूप भारतीय छात्रों के सामने आ रही परेशानियों के बारे में सरकार को जानकारी है । सरकार ने इन कठिनाईयों को हल करने के

लिए यथा सम्भव कदम उठाए हैं । इसके अतिरिक्त,फीस में बढ़ोतरी के कारण समस्याओं का सामना कर रहे छात्र सरकार के पास आते हैं । राजदूतावास तथ्यों की जांच करके यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करता है कि भारतीय छात्रों के साथ उचित व्यवहार किया जाए । जब भी भारतीय छात्र किसी विशिष्ट कठिनाई की ओर हमारे राजदूतावास का ध्यान आकृष्ट करते हैं उनकी कठिनाईयों को नियमों और विनियमों के अन्तर्गत हल करने के प्रयास किये जाते हैं ।

हज यात्रा पर व्यय की गई राशि

950.**श्री दिलीप सिंह जूदेव**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा हज यात्रा के लिए वर्ष 1994-95,1995-96 और 1997-98 के दौरान प्रतिवर्ष कितनी धनराशि व्यय करने का प्रावधान किया गया;

(ख) इस राशि में से प्रति वर्ष कितनी-कितनी राशि किन-किन प्रयोजनार्थ व्यय की गई;

(ग) इससे प्रतिवर्ष कितने हज यात्री लाभान्ति हुए हैं;और

(घ) भारत के अन्य धर्मावलंबियों को भारत के बाहर स्थित उनकी तीर्थ स्थलों और पूजा-आराधना स्थलों की यात्रा के लिए सरकार द्वारी दी जाने वाली इस प्रकार की सुविधाओं और वित्तीय उपबंधों का ब्यौरा क्या हैं?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री मती वसुन्धरा राजे): वित्तीय वर्ष 1994-95,1995-96,1996-97 और 1997-98 में हज के संबंध में बजट अनुमान और व्यय इस प्रकार हैं:-

(क) से (घ)

विवरण

वर्ष	बजट अनुमान	वास्तविक व्यय
1994-95	1,01,00,000	इस वर्ष हज के लिए अलग से कोई लेखाशीर्ष नहीं था ।
1995-96	1,01,00,000 रूपये	1,23,23,000 रूपये
1996-97	2,25,00,000रूपये	1,82,54,000 रूपये
1997-98	5,70,00,000 रूपये	3,04,40,000 रूपये

यह खर्च भारत से जाने वाले सभी हज यात्रियों के कल्याण के लिए किया गया था । पिछले पांच वर्षो के दौरान जो हज यात्री हज यात्रा पर गए उनकी संख्या इस प्रकार हैं:-

वर्ष	भारतीय हज यात्रियों की संख्या
1994	42,072
1995	45,505
1996	75346
1997	81,766
1998	94,602

विदेश मंत्रालय ने हिन्दू तीर्थयात्रा केन्द्र मानसरोवर की यात्रा के लिए निम्नलिखित बजट प्रावधान किया:

वर्ष	बजट अनुमान
1994-95	3,60,000 रूपये
1995-96	4,00,000 रूपये
1996-97	10,00,000 रूपये
1997-98	23,65,000 रूपये

अन्य धर्मो के अनुयायियों द्वारा विदेश तीर्थयात्राओं के संबंध में सरकार तीर्थयात्रियों को सुविधाजनक बनाती हैं तथा आवश्यक संभारतंत्रीय सहायता और कल्याणकारी